22/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के साथ बैठक की। बैठक में फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, फिनटेक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। बैठक में दोनों देशों के बीच मजबूत एतिहासिक मैत्रीपूर्ण संबंधों और द्विपक्षिय सहयोग को बढावा देने के प्रतिबद्धता को दौहराया।

0000000000000000000

आज नई दिल्ली में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 के प्राप्तकर्ताओं के साथ विषेश बातचीत के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धंकर ने कहा कि, कृषि ग्रामिण विकास की रीढ है और जब तक ग्रामिण परिदृश्य नही बदलता देश विकसित राष्ट्र नही बन सकता। उन्होनें कहा कि गांव कि अर्थव्यवस्था तभी आगे बढ सकती है जब किसान और उनके परिवार विपणन, मूल्य संबर्धन और आत्मनिर्भर बनने के लिए सश्कत हो।

0000000000000000000

त्रिपुरा के तीन दिवसीय दौरे के तहत केंद्रिय गृहमंत्री अमित शाह ने आज त्रिपुरा के धलाई जिले के हडुकलाऊ में ब्रू बस्ती का दौरा किया। ब्रू वासियों से बातचीत में गृहमंत्री ने उन्हें आयूष्मान भारत का और गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए पांच लाख रुपये देने का

आश्वाशन दिया। उन्होनें युवाओं से कौशल विकास प्रशिक्षण लेने और अपना व्यवसाय शुरू करने की भी अपील की।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने गत शनिवार त्रिपुरा के अगरतला में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (NESAC) सोसायटी की 12वीं बैठक में हिस्सा लिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने यह बात साझा की कि बैठक में पूर्वोत्तर राज्यों में विकास को बढ़ावा देने में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा, क्षेत्र में बेहतर शासन, आपदा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और प्राकृतिक संसाधन मानचित्रण के लिए NESAC के अनुप्रयोगों का लाभ उठाने पर भी चर्चा हुई।

0000000000000000000

देश भर में सुशासन सप्ताह 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने जन-केंद्रित पहलों और समावेशी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

आज सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने बताया कि **सेवा आपके द्वार** और **सरकार आपके द्वार** जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। श्री खांडू ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रमुख कार्यक्रमों के तहत विभिन्न योजनाओं को विभिन्न शिविरों के माध्यम

से दूरदराज के गांवों में कुशलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। उन्होंने विकास परियोजनाओं की निगरानी और सेवा आपके द्वार के प्रभावी क्रियान्वयन की देखरेख के लिए हाल ही में 26 मेंटर सचिवों की नियुक्ति के बारे में जानकारी दी।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने गत शनिवार राजस्थान के जैसलमेर में आयोजित 55वीं जीएसटी परिषद की बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने की। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और सभी हितधारकों के लिए अनुपालन को आसान बनाने एवं जीएसटी सुधारों का समर्थन करने के लिए अरुणाचल प्रदेश की प्रतिबद्धता दोहराई। आर्थिक विकास को गति देने और करदाताओं के समर्थन में सुधार के उद्देश्य से प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की गई। जीएसटी के कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रस्तावित संशोधनों और वस्तुओं और सेवाओं के लिए जीएसटी दर संरचनाओं को सरल बनाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

इस बीच, शिकायत निवारण तंत्र को बढ़ाने, स्वास्थ्य और जीवन बीमा और अनुसंधान में छूट का विस्तार करने, जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों (जीएसटीएटी) के लिए प्रक्रियात्मक नियमों को आगे बढ़ाने और अधिक राजकोषीय स्थिरता के लिए राज्यों को आईजीएसटी राजस्व का समय पर और निष्पक्ष निपटान सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई।

0000000000000000000

आज अपर सुबनसिरी जिले के कुपोरिजो स्थित विकेवी स्कूल में अरूण जोती एवं विवेकान्द केंद्र कन्याकुमारी के सहयोग से लोक नृत्य एवं नाटक पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले के कई गांव से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से कुछ प्रतिभागी जिनमें डुमपोरिजो, गुसार, आया मारदे और दुगी गांव के प्रतिभागी अगले वर्ष जनवरी में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

0000000000000000000

उपभोक्ता कार्य विभाग, **राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2024** के अवसर पर मंगलवार को **जागो ग्राहक जागो ऐप**, **जागृति ऐप** और **जागृति डैशबोर्ड** का शुभारंभ करेगा। इन पोर्टलों का उद्देश्य ग्राहकों को गुमराह करने वाले डार्क पैटर्न के विरूद्ध स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करने में केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण - सी सी पी ए की दक्षता को बढाना है।

0000000000000000000

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई यात्रा करने वालों को बड़ी राहत देते हुए हवाई अड्डे पर "उड़ान यात्री कैफे" शुरू करने की घोषणा की है। इस कैफे में भोजन और पानी जैसी बुनियादी ज़रूरतें किफ़ायती और उचित दरों पर उपलब्ध होंगी। इस अनूठी पहल को शुरुआत में कोलकाता हवाई अड्डे पर शुरू किया जा रहा है। यदि यह सफल होता है, तो इसे देश भर के अन्य हवाई अड्डों पर भी शुरू किया जाएगा।

000000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र देंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में भर्तियां की जा रही हैं। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को शीर्ष प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह राष्ट्र निर्माण और स्वरोजगार में युवाओं की भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा। देशभर से चुने गए नवनियुक्त युवाओं को गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा वित्तीय सेवाएं विभाग सहित विभिन्न मंत्रालय और विभागों में नियुक्त किया जायेगा।

0000000000000000000